पूंजीगत एवं राजस्व व्यय के मध्य वर्गीकरण: स्थायी प्रकृति (संगठन में प्रयोग हेतु तथा व्यापार की सामान्य कार्य प्रणाली में बिक्री के लिए नहीं) की मूर्त परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण के उद्देश्य से या वर्तमान परिसम्पत्तियों की उपयोगिता में वृद्धि के उद्देश्य से किये गये व्यय को पूंजीगत व्यय के रूप में परिभाषित किया जाता है। अनुरक्षण, मरम्मत, समारक्षण तथा कार्य के खर्चों पर अनुवर्ती प्रभार, जो कि परिसम्पत्तियों को सुचारू रुप में रखने हेतु आवश्यक है, स्थापना तथा प्रशासनिक

खर्चों को सम्मिलित करते हुए संगठन के दैनिक संचालन हेतु सभी अन्य खर्चों को राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। लेखों में पूंजीगत तथा राजस्व व्यय को पृथक रूप से दर्शाया जाता है।

भौतिक तथा वित्तीय परिसंपत्तियाँ व देयताएँ: भौतिक तथा वित्तीय परिसंपत्तियाँ (जैसे कि सरकार द्वारा निवेश, ऋण तथा अग्रिम इत्यादि) के साथ-साथ देयताएँ, जैसे कि, ऋण इत्यादि को ऐतिहासिक लागत पर मापा जाता है। भौतिक परिसम्पत्तियों का अवमूल्यन नहीं किया गया है, तथा वित्तीय परिसम्पत्तियों का परिशोधन नहीं किया गया है। भौतिक परिसम्पत्तियों के जीवन काल के अंत में क्षतियों को खपाया या मान्य नहीं किया जाता है।

सहायता अनुदान: भारत सरकार लेखांकन मानक (आईजीएएस) 2**:** लेखांकन तथा सहायता अनुदानों का वर्गीकरण, की अनुपालना में**,** रोकड़ में सहायता अनुदान को संवितरण के समय राजस्व व्यय के रूप में माना जाता है यद्यपि इसमें अनुदानग्राही द्वारा परिसम्पत्तियों का सृजन सम्मिलित है, सिवाय उन मामलों में जो विशेषकर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा अधिकृत किए गए है। सभी प्राप्त अनुदानों को राजस्व प्राप्तियाँ माना जाता है। लेखांकन की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विवरण तथा संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदानों के वर्गीकरण को वित्त लेखा के विवरण 10 तथा परिशिष्ट III में दर्शाया गया है। वस्तु रूप में दिए गए सहायता अनुदानों के संबंध में विस्तृत सूचना उपलब्ध नहीं है।

अग्रिम तथा ऋण: आईजीएएस 3**:** संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर द्वारा ऋण एवं अग्रिम के ब्यौरे**,** की अनुपालना वित्त लेखा के *विवरण 7 तथा 18* में उद्घाटित किया गया है। 31 मार्च 2022 तक के विवरणों में दर्शाए गए अंत शेष प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) को सौंपे गए लेखों के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर आधारित है। 31 मार्च 2022 तक के विवरण 7 व 18 में दर्शाए गए अंत शेषों का मिलान संघ शासित क्षेत्र के ऋणी अधिष्ठानों/सरकार द्वारा नहीं किया गया है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने उन ऋणों तथा अग्रिमों के संबंध में आँकडें प्रस्तुत नहीं किए जिसके लिए वे विस्तृत लेखों का अनुरक्षण करते हैं।

सेवानिवृत्ति लाभ: रिपोर्टिंग अवधि के दौरान भुगतान किए गए सेवानिवृत्ति लाभों को लेखों में प्रतिबिम्बित किया गया है, परन्तु सरकार की पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत कर्मचारियों के प्रति भविष्य पेंशन देयता *अर्थात* भूतकाल के लिए सेवानिवृत्ति के भुगतान के प्रति देयता तथा इसके कर्मचारियों की वर्तमान सेवा को लेखों में सम्मिलित नहीं किया गया है।

(vi) पूर्णांकन:

विवरणों में दर्शाए गये आँकड़ों का पूर्णांकन निकटतम ₹ लाख एवं ₹ करोड़ में किया गया है। जैसा कि संबंधित विवरणों के ऊपर दर्शाया गया है।

खण्ड-I तथा खण्ड-II में क्रमश: सारांश विवरणों तथा ब्यौरेवार विवरणों के मध्य जहाँ कहीं भी ₹ 0.01/ 0.02 लाख/ करोड़ का लघु अन्तर है**,** वो पूर्णांकन के कारण है।

(vii) रोकड़ शेष:

लेखों में रिपोर्ट की गई रोकड़ शेष संघ शासित क्षेत्र का शेष है जैसा कि एक वर्ष के 31 मार्च के अंत में संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के लेखों सहित भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय लेखा अनुभाग के लेखों में अभिलेखित किया गया है। रोकड़ शेष, वर्ष के लिए समेकित निधि, आकस्मिकता निधि तथा संघ शासित क्षेत्र के लोक लेखा के संव्यवहारों को सम्मिलित करते हुए शेषों को उद्घाटित करते है। बही समायोजन रोकड़ शेष को प्रभावित नहीं करता। वित्त लेखा में रिपोर्ट किये गये रोकड़ शेष की सत्यता भारतीय रिजर्व बैंक की बही के साथ मिलान के अधीन है।

(viii) आकस्मिक एवं प्रतिबद्ध देयताओं का प्रकटन:

आकस्मिक देयताओं को मान्यता नहीं दी जाती है। आईजीएएस 1: 'सरकारों द्वारा दी गई प्रत्याभूतियाँ', के अनुपालन में क्षेत्रकवार, प्रत्याभूतियों के विवरण का उद्घाटन प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), जम्मू और कश्मीर द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार वित्त लेखा के *विवरण 9 और 20* में किया गया है।

सरकार प्रतिबद्धता लेखांकन का पालन नहीं करती है और प्रतिबद्धताओं का न तो अभिलेखन किया जाता है और न ही लेखों में मान्यता दी जाती है लेकिन सरकार राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम में अपनी पिछले वर्ष की प्रतिबद्धताओं का प्रकटन करती है, जिसे वित्त लेखा के *परिशिष्ट XII* के अन्तर्गत दर्शाया गया है।

(ix) निकासी संव्यवहार:

संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा एकत्र की गई प्राप्तियाँ जिन्हें अन्य अधिष्ठान को हस्तांतरित किया जाना अपेक्षित है, ऐसी निकासी संव्यवहारों का लेखों पर टिप्पणियाँ में प्रकटन किया गया है।

2. लेखांकन तंत्र का अनुपालन:

(i) मासिक खातों को बंद करने के पश्चात कोषागारों द्वारा खातों को फ्रीज न करना:

मासिक खातों को बंद करने के पश्चात कोषागारों द्वारा खातों को फ्रीज न करने से प्रधान महालेखाकार कार्यालय को मासिक खाते जमा करने के बाद डेटा हेरफेर की गुंजाइश हो सकती है तथा प्रधान महालेखाकार कार्यालय और संघ शासित क्षेत्र सरकार के मध्य आंकड़े/डेटा का त्रुटिपूर्ण मिलान हो सकता है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर में, मासिक खातों को बंद करने और उन्हें प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) के कार्यालय में भेजने के पश्चात एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली में मासिक खातों को फ्रीज करने का कोई प्रावधान नहीं है।

3. समेकित निधि:

(i) वस्तु एवं सेवा कर:

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई 2017 से लागू किया गया था। वर्ष 2021-22 के दौरान, राज्य/संघ शासित क्षेत्र जीएसटी संग्रह 2020-21 में ₹ 4,839.35 करोड़ की तुलना में ₹ 1,554.96 (32.13 प्रतिशत) करोड़ की वृद्धि पंजीकृत करते हुए ₹ 6,394.31 करोड़ था। इसमें ₹ 4,334.63 करोड़ की राशि के आईजीएसटी का अग्रिम प्रभाजन सम्मिलित है।संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार को 2021-22 के दौरान जीएसटी के कार्यान्वयन से उत्पन्न राजस्व की हानि के कारण राजस्व प्राप्ति के रूप में ₹ 892.56 करोड़ का प्रतिकर प्राप्त हुआ।

राज्य के संघ शासित क्षेत्र के रूप में पुनर्गठन के परिणामस्वरूप जम्मू एवं कश्मीर सरकार वस्तु एवं सेवाओं के अंतर्गत राज्य को निवल लाभों का कोई अंश नहीं सौंपा गया।

आगे, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर की सरकार को भी 2021-22 के दौरान ₹ 3,845.49 करोड़ का ऋण (31 मार्च 2022 तक कुल ₹ 5,945.29 करोड़ का ऋण) जीएसटी प्रतिकर के बदले केंद्र सरकार से बैंक-टू-बैंक ऋण के रूप में प्राप्त हुआ**,** जिसे भारत सरकार के व्यय विभाग के निर्णय के अनुसार वित्त आयोग द्वारा निर्धारित किसी भी मानदंड के लिए संघ शासित क्षेत्र सरकार के ऋण के रूप में नहीं माना जाएगा।

(ii) राजस्व तथा पूंजीगत व्यय के मध्य में त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण:

वर्ष 2021-22 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू और कश्मीर सरकार ने राजस्व अनुभाग के बजाय पूंजीगत अनुभाग के अंतर्गत ₹ 158.76 करोड़ (सहायता अनुदान ₹ 63.60 करोड़ और सब्सिडी ₹ 95.16 करोड़) के व्यय को त्रुटिपूर्ण ढंग से बुक किया, जैसा कि व्यय के उद्देश्य से निर्धारित किया गया है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के राजस्व/राजकोषीय घाटे पर त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण का प्रभाव पैरा 6 के अन्तर्गत दिया गया है।

(iii) सीसीओ और प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) के मध्य प्राप्तियों और व्यय का समाधान:

सभी नियंत्रक अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि सरकार की प्राप्तियों और व्यय का समाधान प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), जम्मू एवं कश्मीर द्वारा लेखांकित आंकड़ों के साथ किया जाए। वर्ष 2021-22 के दौरान, ₹ 53,275.15 करोड़ की राशि (₹ 59,238.50 करोड़ की कुल प्राप्तियों का 89.93 प्रतिशत) तथा ₹ 49,058.57 करोड़ (₹ 70,316.36 करोड़ के कुल व्यय का 69.77 प्रतिशत) के व्यय का मिलान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा किया गया था।

इसकी तुलना में, ₹ 48,444.58 करोड़ (₹ 52,495.48 करोड़ की कुल प्राप्तियों का 92.28 प्रतिशत) तक की प्राप्ति राशि तथा ₹ 40,905.14 करोड़ (₹ 63,104.13 के कुल व्यय का 64.82 प्रतिशत) की व्यय राशि का मिलान वर्ष 2020-21 के दौरान अर्थात संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा किया गया था।

(iv) लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय तथा 800-अन्य प्राप्तियाँ के अन्तर्गत:

लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय/800-अन्य प्राप्तियां का केवल तभी संचालन किया जाना चाहिए जब लेखों में उपयुक्त लघु शीर्ष उपलब्ध नहीं कराया गया हो। लघु शीर्ष 800 के नियमित संचालन को हतोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह लेखों को अपारदर्शी बनाता है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, 36 प्रमुख लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 4,289.52 करोड़ (₹ 1.20 करोड़ निवेश सहित), कुल राजस्व और पूंजीगत व्यय का 6.10 प्रतिशत (₹ 70,316.36 करोड़) को लेखों में लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया था। पिछले वर्ष 2020-21 के दौरान, 48 प्रमुख लेखा शीर्षों के अन्तर्गत ₹ 4,677.34 करोड़, जो कुल राजस्व और पूंजीगत व्यय (₹ 63,104.13 करोड़) का 7.41 प्रतिशत है, को लेखों में लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया था।

इसी प्रकार, 37 प्रमुख लेखा शीर्षों के कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 59,238.50 करोड़) के 6.98 प्रतिशत के अन्तर्गत ₹ 4,134.84 करोड़ (विद्युत की बिक्री और विविध विद्युत प्राप्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले ₹ 2,715.77 करोड़ की राजस्व प्राप्तियों सहित) को लेखों में 800-अन्य प्राप्तियाँ के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया था। पिछले वर्ष के दौरान, 38 प्रमुख लेखा शीर्षों के अन्तर्गत ₹ 3,741.00 करोड़ (विद्युत की बिक्री और विविध विद्युत प्राप्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाली ₹ 2,349.74 करोड़ की राजस्व प्राप्तियों सहित), कुल राजस्व प्राप्तियों के 7.13 प्रतिशत (₹ 52,495.48 करोड़) को लेखों में 800- अन्य प्राप्तियाँ के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया था।

(v) व्यक्तिगत जमा (पीडी) खातों में हस्तांतरण:

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा किसी व्यक्तिगत जमा खाते का संचालन नहीं किया जा रहा है।

(vi) असमायोजित सार आकस्मिक (एसी) बिल:

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने सार आकस्मिक (एसी) बिलों का आहरण करने तथा उनके निपटान हेतु कोडल प्रावधानों को संशोधित नहीं किया है। तथापि, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य के वित्तीय कोड खंड-I (पैरा 7.18) की परिकल्पना की गई है, जब आकस्मिक व्यय हेतु कोषागार से धन का आहरण आवश्यक समझा जाता है, जिसके वाउचरों को आहरण व संवितरण अधिकारी (डीडीओ) के भुगतान से पूर्व वाउचर आसानी से प्राप्त नहीं किया जा सकता हैं, वैसी स्थिति में एसी बिल के माध्यम से राशि आहरण हेतु अधिकृत है। तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य (पुनर्गठित-पूर्व) वित्तीय संहिता पैरा 7.10 के संदर्भ में, डीडीओ को अंतिम व्यय के

समर्थन में वाउचर युक्त विस्तृत प्रतिहस्ताक्षरित आकस्मिक (डीसीसी) बिल प्रस्तुत करने की तिथि से दो महीने के भीतर प्रस्तुत करना अपेक्षित है जिस प्रयोजन के लिए अग्रिम आहरित किया गया था।

(क) वर्ष 2021-22 के दौरान आहरित ₹ 5,122.00 करोड़ के 554 एसी बिलों में से, मार्च 2022 में ₹ 1,848.60 करोड़ (36.09 *प्रतिशत*) की राशि के 391 एसी बिलों का आहरण किया गया। कुल 1,139 एसी बिलों के संबंध में डीसीसी बिल 31 मार्च 2022 तक ₹ 11,448.03 करोड़ प्राप्त नहीं हुए थे। 31 मार्च 2022 तक डीसीसी बिलों को जमा करने के लंबित असमायोजित एसी बिलों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वर्ष	**असमायोजित एसी बिलों की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
वर्ष 2020-21तक (31.10.2019 से 31.01.2021)	354	5,267.71
2021-22 (01.02.2021 से 31.01.2022)	785	6,180.32
कुल	**1,139**	**11,448.03**

(ख) पिछले वर्ष 31 मार्च 2021 को कुल 356 एसी बिलों की राशि ₹ 5,280.71 करोड़ के संबंध में डीसीसी बिल प्राप्त नहीं हुए थे। पिछले वर्ष (31 मार्च 2021) से संबंधित असमायोजित एसी बिलों का ब्यौरा निचे दिया गया है:

वर्ष	**असमायोजित एसी बिलों की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
वर्ष 2019-20 (31.10.2019 से 31.01.2020) तक	52	340.03
वर्ष 2020-21 (01.02.2020 से 31.01.2021)	304	4,940.68
कुल	**356**	**5,280.71**

(ग) इसके अतिरिक्त**,** 31 मार्च 2021 को बकाया ₹ 6,885.63 करोड़ की राशि के 2,237 एसी बिलों में से 30 अक्टूबर 2019 तक (पुनर्गठन पूर्व) तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा, 5,830.41 करोड़ रुपये की राशि के 2,154 एसी बिलों के संबंध में 31 मार्च 2022 तक डीसीसी बिल प्रतीक्षित थे। इन बकाया एसी बिलों का द्विभाजन उत्तरवर्ती संघ शासित क्षेत्रों अर्थात संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य किया जाना शेष है।

(vii) सहायता अनुदान हेतु उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) प्राप्त नहीं हुए:

(क) संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने सहायता अनुदान के आहरण और उसके उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) जमा करने से संबंधित संशोधित नियम नहीं बनाए हैं। तथापि, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य (पुनर्गठन-पूर्व) के वित्तीय कोड खंड-I, पैरा 10.19 के अनुसार अनुदान प्राप्त करने वाले द्वारा प्राप्त सहायता अनुदान के संबंध में उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी), अनुदानग्राही द्वारा अनुदान प्राप्त होने की तारीख से 18 महीने के भीतर या उसी विषय पर आगे अनुदान के लिए आवेदन करने से पहले, जो भी पहले हो जारी करने वाले अधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यूसी जमा न करने की सीमा तक, एक जोखिम है कि वित्त लेखों में दर्शाई गई राशि लाभार्थियों तक नहीं पहुंच सकती है।

31 अक्टूबर 2019 से 30 सितंबर 2020 तक की अवधि हेतु 31 मार्च 2022 तक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर (पुनर्गठन पश्चात) से संबंधित बकाया यूसी की स्थिति नीचे दी गई है:

वर्ष*	**बकाया यूसी की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
वर्ष 2021-22 (31.10.2019 से 30.09.2020)	770	3,137.11
कुल	**770**	**3,137.11**

** उपर्युक्त वर्णित वर्ष "देय वर्ष" से संबंधित है अर्थात वास्तविक आहरण के 18 महीने पश्चात।*

 # वर्ष 2021-22 के दौरान अतिरिक्त, ₹ 4,371.04 करोड़ (वर्ष के दौरान समाशोधित ₹ 499.81 करोड़ को छोडते हुए)।

(ख) इसके अतिरिक्त, वर्ष 2021-22 के दौरान, 31 मार्च 2021 को बकाया ₹ 10,076.58 करोड़ की राशि के 3,215 बिलों में से, 30 सितंबर 2019 तक की अवधि (पुनर्गठन पूर्व) के लिए तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित बकाया यूसी से संबंधित ₹ 1,918.26 करोड़ के 126 बिलों को स्वीकृति दी गई थी। 31 मार्च 2022 तक, 30 अक्टूबर 2019 तक आहरण किए गए तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित बकाया यूसी जिसका द्विभाजन संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य किया जाना शेष है, की स्थिति नीचे दी गई है।

वर्ष*	**बकाया यूसी की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
2019-20 तक	1,737	6,186.73
2020-21	1,352	1,971.59
2021-22 (01.10.2019 से 30.10.2019 तक)	शून्य	शून्य
कुल	**3,089**	**8,158.32**

** उपर्युक्त वर्णित वर्ष "देय वर्ष" से संबंधित है अर्थात वास्तविक आहरण के 18 महीने पश्चात।*

(viii) ब्याज समायोजन:

(क) सरकार जे-आरक्षित निधियाँ (ए. ब्याज वहन करने वाली) तथा के-जमा व अग्रिम (ए. ब्याज वहन करने वाली जमा) के अन्तर्गत शेष राशि के संबंध में ब्याज का भुगतान/समायोजन करने के लिए उत्तरदायी है, और इस उद्देश्य हेतु, विशिष्ट उप-मुख्य शीर्ष को मुख्य तथा लघु लेखा शीर्ष की सूची में उपलब्ध कराया जाता है।

वर्ष 2021-22 के दौरान सरकार द्वारा भुगतान की गई इन निधियों/जमाओं तथा ब्याज का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

निधियाँ/जमाएँ	**1 अप्रैल 2021 को शेष**	**ब्याज की गणना हेतु आधार**	**देय ब्याज**	**भुगतान किया गया ब्याज**	**कम भुगतान किया गया ब्याज**
राज्य प्रतिकर वनीकरण निधि-एमएच-8121	764.57	पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार (@ 3.35 प्रति शत प्रति वर्ष)	25.61	शून्य	25.61
राज्य प्रतिकर वनीकरण जमा-एमएच-8236	475.26		15.92	शून्य	15.92
कुल			**41.53**	**शून्य**	**41.53**

₹ 41.53 करोड़ की राशि के ब्याज का भुगतान न करने/कम भुगतान के परिणामस्वरूप ₹ 41.53 करोड़ तक की राजस्व तथा राजकोषीय घाटे की न्यूनोक्ति हुई है।

(ख) उपर्युक्त के अतिरिक्त, सरकार "आई-लघु बचत तथा भविष्य निधि इत्यादि" पर ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है। 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए सरकारी कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) तथा राज्य जीवन बीमा (एसएलआई) खातों पर ब्याज को संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर (जून 2022) सरकार द्वारा अनंतिम/अस्थायी आधार पर अवगत कराया गया, जो अपने कर्मचारियों के जीपीएफ और एसएलआई खातों के रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। इस प्रकार, वर्ष 2021-22 के लिए व्यय, राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा, देयताएं वास्तविक और अस्थायी आंकड़ों के बीच अंतर की सीमा तक भिन्न होंगे।

(ix) सरकार द्वारा किये गये निवेश:

(क) वित्त लेखे के विवरण संख्या 8 और 19 में प्रदर्शित होने वाले सरकारी निवेश की जानकारी प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) के माध्यम से संबंधित निवेशकर्ता अधिष्ठान से प्राप्त जानकारी पर

आधारित है, परन्तु संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के संबंधित विभागों (वित्त सहित) द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। वर्ष 2021-22 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने निवेश के रूप में ₹ 69.37 करोड़ की राशि बुक की। बुक की गई राशि के प्रति, संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने ₹ 573.01 करोड़ का निवेश दिखाया है जिसके परिणामस्वरूप वित्त लेखों के विवरण संख्या 16 और 19 (खंड-II) के मध्य ₹ 503.64 करोड़ का अन्तर है। चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड ने अब (प्रधान महालेखाकार, लेखा परीक्षा के माध्यम से) वर्ष 2021-22 के लिए संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के वार्षिक वित्त लेखों में प्रतिबिंबन हेतु ₹ 143.73 करोड़ के निवेश का ब्यौरा प्रस्तुत किया है। यह निवेश संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर (पुनर्गठन पश्चात) से संबंधित वर्ष 2020-21 से संबंधित है तथा अधिष्ठान द्वारा पहले सूचित नहीं किया गया था। चूंकि निवेश पिछले वर्षों (2020-21) से संबंधित है, इसलिए इसे 31 मार्च 2021 को संचयी शेष राशि में जोड़ा गया है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने 31 मार्च 2022 तक (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2022 तक) ₹ 879.13 करोड़ का निवेश किया था, जिसने वर्ष 2021-22 के दौरान कोई लाभांश नहीं दिया। 31 मार्च 2022 तक प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा सूचित संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के निवेश का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(₹ **करोड़ में**)

श्रेणी	**अधिष्ठानों की संख्या**	**वर्ष 2021-22 के अंत में निवेश**
सांविधिक निगम	2	191.90
ग्रामीण बैंक	2	2.35
सरकारी कम्पनियाँ	39	445.03[$]
अन्य संयुक्त स्टॉक कम्पनियाँ तथा साझेदारी	2	-
सहकारी बैंक तथा सोसाइटियाँ	8	239.85[*]
कुल	**53**	**879.13**

[$] वर्ष 2020-21 के दौरान सम्मिलित ₹ 143.73 करोड़ का निवेश किया गया, क्योंकि चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड ने वर्ष 2020-21 हेतु संशोधित आंकड़े प्रस्तुत किए हैं।

[*] पंजीयक, सहकारी समितियां (जुलाई 2022) से सहकारी समितियों में निवेश की प्रतीक्षित अद्यतन सूचना के कारण, पिछले खातों में दर्शाए गए 31 मार्च 2020 तक के निवेश को चालू खातों में दर्शाया गया है।

(ख) जम्मू एवं कश्मीर सड़क परिवहन निगम ने अब (प्रधान महालेखाकार, लेखा परीक्षा के माध्यम से) वर्ष 2021-22 के लिए संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के वार्षिक वित्त लेखों में प्रतिफल हेतु ₹ 3.00 करोड़ के निवेश का विवरण प्रस्तुत किया है। ये निवेश अविभाजित जम्मू एवं कश्मीर राज्य के 30 अक्टूबर 2019 को समाप्त अवधि से संबंधित हैं और इन्हें अधिष्ठान द्वारा पहले सूचित नहीं किया गया था। चूंकि निवेश पिछले वर्षों (30 अक्टूबर 2019 तक) से संबंधित है, अत: इन्हें 30 अक्टूबर 2019 को संचयी शेषों में जोड़ा गया है।

(ग) 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) के अंत में पूर्ववर्ती राज्य द्वारा 52 अधिष्ठानों में किया गया कुल निवेश (संशोधित आंकड़े) निवेशी अधिष्ठानों द्वारा प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) को प्रदान की गई सूचना/आंकड़ों के आधार पर ₹ 4,620.16 करोड़ था तथा इन आकड़ों का सरकार के साथ मिलान नहीं किया गया था। इन निवेशों का प्रभाजन संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख (अगस्त 2022) के मध्य किया जाना शेष है। लेखों में दर्शाए गए निवेश को उत्तरवर्ती संघ शासित क्षेत्रों के मध्य प्रभाजन से पूर्व सरकार के साथ अधिष्ठानों द्वारा समाधान अपेक्षित है।

(x) सरकार द्वारा प्रदत्त प्रत्याभूतियाँ :

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने कोई विशिष्ट प्रत्याभूति अधिनियम को अधिनियमित नहीं किया है जो प्रत्याभूति की सीमा निर्धारित करेगा जिसे संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा दिया जा सकता है और उस पर कमीशन/ शुल्क प्रभारित किया जा सकता है। वर्ष 2021-22 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2022) के अंत तक संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा पुनर्संगठन पश्चात प्रत्याभूतिकृत संचयी राशि ₹ 12,328.80 करोड़ (संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के साथ समाधान के अन्तर्गत) है।

इसके अतिरिक्त, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य (पुनर्गठन पूर्व 30 अक्टूबर 2019 को को समाप्त) द्वारा दी गई ₹ 452.65 करोड़ [प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), जम्मू एवं कश्मीर से प्राप्त संशोधित डाटा] की बकाया प्रत्याभूति भी है, जो अभी उत्तरवर्ती संघ शासित क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना शेष है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार को प्रत्याभूति कमीशन/शुल्क के रूप में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है।

(xi) पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण पर व्यय:

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा पर्यावरण के प्रति किए गए व्यय को विभिन्न प्रकार्यात्मक लेखा शीर्षों के अन्तर्गत लघु शीर्ष के स्तर तक के वित्त लेखों में दर्शाया गया है। वर्ष 2021-22 के दौरान**,** संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने मुख्य शीर्ष 3435- "पारिस्थितिकी और पर्यावरण" के अन्तर्गत ₹ 64.67 करोड़ के बजट आबंटन (बीई) के प्रति ₹ 45.16 करोड़ व्यय किए। पिछले वर्ष 2020-21 के दौरान**,** संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने मुख्य शीर्ष 2406- **"**वानिकी और वन्य जीवन" और **3435- "**पारिस्थितिकी और पर्यावरण" के अन्तर्गत ₹ 119.88 करोड़ के बजट आवंटन (बीई) के प्रति ₹ 83.81 करोड़ व्यय किए।

(xii) अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं से संबंधित व्यय:

वर्ष 2021-22 के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने न तो कोई विशिष्ट और विस्तृत लेखा शीर्ष संचालित किया है और न ही अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं से संबंधित अनुदानों की मांग हेतु बजट प्रावधान रखा गया है।

संघ शासित क्षेत्र सरकार को 'इंडिया कोविड-19 इमरजेंसी रिस्पांस एंड हेल्थ सिस्टम प्रिपेयरडनेस' उद्देश्य हेतु सहायता अनुदान/केंद्रीय सहायता इत्यादि होने के कारण केंद्र सरकार से ₹ 281.66 करोड़ प्राप्त हुए, जिनका लेखांकन मुख्य शीर्ष 1601- "केंद्र सरकार से सहायता अनुदान" के अन्तर्गत किया गया है।

(xiii) संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा दिए गए ऋण:

30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) को समाप्त अवधि हेतु तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित ₹ 21.57 करोड़ की राशि के पुराने ऋणों [जिनके विस्तृत लेखे प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) द्वारा अनुरक्षण किए जाते हैं] को अभी भी संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना शेष है।

30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) को समाप्त अवधि के लिए तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा वैधानिक निकायों / अन्य संस्थाओं को दिए गए ₹ 1,718.87 करोड़ के बकाया ऋण भी थे, जिन्हें संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी भी प्रभाजित किया जाना शेष है। परिणामस्वरूप, इस खाते पर संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार की प्राप्य राशि का आकलन नहीं किया जा सका।

प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) वार्षिक ऋण शेषों [जहां प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) द्वारा विस्तृत लेखों का अनुरक्षण किया जाता है] के संबंध में ऋण संस्वीकृत करने वाले विभागों को सत्यापन और स्वीकृति हेतु सम्पर्क करता है। किसी भी ऋणी ने शेषों (जुलाई 2022) की पुष्टि नहीं की है।

शेषों के समाधान हेतु विभागीय अधिकारियों से प्रतीक्षित सूचना का ब्यौरा वित्त लेखे के *परिशिष्ट-VII* में दिया गया है।

(xiv) प्रतिबद्ध देयताएँ:

बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा प्रोद्भवन आधारित लेखांकन की ओर बढ़ने के लिए कार्रवाई आरंभ की गई है। तथापि, चूंकि संक्रमण चरणों में होगा, लेखांकन की प्रोद्भवन-आधारित प्रणाली में परिवर्तन के लिए, निर्णय लेने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु विवरण के रूप में कुछ अतिरिक्त जानकारी को नकद लेखांकन की वर्तमान प्रणाली में जोड़ा जाना अपेक्षित है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार को प्रतिबद्ध देयताओं के संबंध में जानकारी देनी थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। तथापि, मार्च 2022 में संसद के समक्ष रखे गए राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम में संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा परिलक्षित 31 मार्च 2021 को समाप्त अवधि के लिए प्रतिबद्ध देयताएँ वित्त लेखों के *परिशिष्ट- XII* में परिलक्षित हुई हैं।

(xv) ब्लॉक अनुदानों को छोड़कर केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस)/अतिरिक्त केंद्रीय सहायता (एसीए) का पुनर्गठन:

योजना/गैर-योजना वर्गीकरण के विलय के परिणामस्वरूप, केंद्रीय सहायता मोचन को अब केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के अन्तर्गत केंद्रीय सहायता/अंश के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

31 मार्च 2022 तक केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अन्तर्गत बुक किया गया कुल व्यय ₹ 5,415.28 करोड़ (राजस्व व्यय ₹ 2,007.69 करोड़ और पूंजीगत व्यय ₹ 3,407.59 करोड़) है, जिसमें संघ शासित क्षेत्र के अंश को छोड़कर केंद्रीय सहायता से व्यय सम्मिलित है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए संघ शासित क्षेत्र का अंश, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा समूह शीर्ष- 0099- राजस्व अनुभाग में "सामान्य" तथा पूंजीगत अनुभाग में 0011- "सामान्य" के अन्तर्गत सामान्य व्यय से पूरा किया जाता है।

(xvi) संघ शासित क्षेत्र में कार्यान्वयन अभिकरणों को केंद्रीय योजना निधि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण (संघ शासित क्षेत्र के बजट से बाहर की गई निधि):

महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) पोर्टल के अनुसार, वर्ष 2021-22 के दौरान संघ शासित क्षेत्र में कार्यान्वयन अभिकरणों (विभिन्न सरकारी विभागों को ₹ 802.04 करोड़ सहित) द्वारा प्रत्यक्ष रूप से ₹ 3,992.76 करोड़ प्राप्त किए गए थे। कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त ₹ 3,992.76 करोड़ की कुल राशि में से मध्यस्थों को तथा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के रूप में लाभार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा हस्तांतरित राशियों से संबंधित सूचना संघ शासित क्षेत्र सरकार से अद्यपर्यंत प्रतीक्षित है।

2020-21 (2020-21 में ₹ 2,761.19 करोड़ से ₹ 3,992.76 करोड़) की तुलना में 2021-22 में कार्यान्वयन एजेंसियों को सीधे धन हस्तांतरण में 44.60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू और कश्मीर के सरकारी विभागों को सीधे स्थानांतरण का विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट-V। में दिया गया है।

(xvii) संघ शासित क्षेत्र सरकार की ऑफ-बजट देयताएँ:

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने अपने बजट दस्तावेजों/वार्षिक वित्तीय विवरणों में ऑफ-बजट देयताओं का प्रकटन नहीं किया। हालांकि, केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर सरकार के वित्त विभाग ने प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) को दिए गये उत्तर में खुलासा किया है कि जम्मू-कश्मीर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (जेकेआईडीएफसी) द्वारा जुटाई गई ₹ 2,250.00 करोड़ की ऋण राशि की अदायगी, इस उद्देश्य के लिए समर्पित राजस्व से की जा रही है। इसके अलावा, केंद्र शासित क्षेत्र सरकार, जम्मू और कश्मीर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेकेपीसीएल) द्वारा जुटाई गई ₹ 10,321.83 करोड़ की ऋण राशि पर ब्याज चुका रही है। 31 मार्च 2022 तक उपरोक्त ऋणों की बकाया राशि जेकेआईडीएफसी और जेकेपीसीएल के मामले में क्रमशः ₹ 2,122.77 करोड़ और ₹ 10,321.83 करोड़ है।

(xviii) एकल नोडल अभिकरण (एसएनए) के बैंक खाते में रखी हुई अव्ययित राशि:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त निधियों का सरकार द्वारा उपयोग प्रतिबंधित है तथा संबंधित एकल नोडल अभिकरण (एसएनए) के खाते में इसकी प्राप्ति के 21 दिनों की अवधि के भीतर हस्तांतरित किया जाना अपेक्षित था।

31 मार्च 2022 तक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा एसएनए खाते में अव्ययित राशि का विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया।

4. आकस्मिकता निधि:

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 69 की उप धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार की आकस्मिकता निधि से संबंधित या अभिरक्षा में सहायक, धनराशियों के भुगतान और धन के आहरण से संबंधित सभी मामलों को विनियमित करने हेतु संघ शासित क्षेत्र सरकार ने 'जम्मू एवं कश्मीर की आकस्मिकता निधि नियम, 2020' (अधिसूचना संख्या एस.ओ- 271 दिनांक 27 अगस्त 2020) का निर्माण किया। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार की आकस्मिकता निधि ₹ 25.00 करोड़ का कोषधन है जो वर्ष 2020-21 के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर की समेकित निधि से हस्तांतरित किया गया है। 31 मार्च 2022 के अंत तक निधि के अन्तर्गत शेष राशि ₹ 25.00 करोड़ थी। 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन से पूर्व) तक तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य की आकस्मिकता निधि में ₹ एक करोड़ की शेष राशि थी जिसे अभी भी दो उत्तरवर्ती संघ शासित क्षेत्रों के मध्य प्रभाजित किया जाना है।

5. लोक लेखा:

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस):

वर्ष 2021-22 के दौरान, एनपीएस जो कि एक परिभाषित अंशदान पेंशन योजना है, में कुल अंशदान ₹ 1,587.13 करोड़ (कर्मचारियों का अंशदान ₹ 652.55 करोड़ और सरकार का अंशदान ₹ 934.58 करोड़) था। सरकारी अंशदान की विस्तृत जानकारी वित्त लेखे के *विवरण संख्या 15* में उपलब्ध है। सरकार ने मुख्य शीर्ष 8342-117 परिभाषित अंशदान पेंशन योजना के अन्तर्गत लोक लेखा में ₹ 1,587.13 करोड़ हस्तांतरित किए।

(ii) (अ) ब्याज वहन करने वाली आरक्षित निधियाँ:

(क) राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ):

राज्य आपदा आपदा निधि (मुख्य शीर्ष- '8121 सामान्य और अन्य आरक्षित निधि' जो ब्याज धारिता अनुभाग के अन्तर्गत है) के गठन और प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार केंद्र और राज्य सरकारों से 90:10 अनुपात में निधि में अंशदान करना अपेक्षित है। जम्मू एवं कश्मीर राज्य को दो नए संघ शासित क्षेत्रों में पुनर्गठन करने पर, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने राज्य

आपदा मोचन निधि को जारी रखा। वर्ष 2021-22 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी 'संघ शासित क्षेत्र आपदा मोचन निधि में अंशदान के लिए अनुदान' के रूप में ₹ 279.00 करोड़ की प्राप्ति हुई। वर्ष के दौरान संघ शासित क्षेत्र सरकार का अंश ₹ 31.00 करोड़ था। सरकार ने मुख्य शीर्ष 8121-122 एसडीआरएफ के अन्तर्गत निधि में ₹ 361.23 करोड़ (केन्द्र अंश ₹ 279.00 करोड़, संघ शासित क्षेत्र अंश ₹ 31.00 करोड़, ब्याज ₹ 49.61 करोड़ तथा अव्ययित शेष ₹ 1.62 करोड़) हस्तांतरित किए।

(ख) राज्य प्रतिकर वनरोपण निधि:

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में, राज्य सरकारों से प्रतिकर वनरोपण उपक्रम हेतु प्रयोक्ता अभिकरणों से प्राप्त राशियों के लिए राज्य के लोक लेखा में ब्याज धारिता अनुभाग के अन्तर्गत राज्य प्रतिकर वनरोपण निधि की स्थापना अपेक्षित है।

जम्मू एवं कश्मीर राज्य के दो नए संघ शासित क्षेत्रों में पुनर्गठन पर, उत्तराधिकारी संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर ने राज्य प्रतिकर वनरोपण निधि को जारी रखा। वर्ष 2021-22 के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने प्रयोक्ता अभिकरणों से ₹ 8.55 करोड़ (पिछले वर्ष में ₹ 180.19 करोड़) प्राप्त किए। वर्ष 2021-22 के दौरान या वर्ष 2021-21 के दौरान राष्ट्रीय निधि में कोई राशि प्रेषित नहीं की गई। संघ शासित क्षेत्र सरकार ने राष्ट्रीय प्रतिकर वनरोपण जमा से शून्य राशि (पिछले वर्ष में ₹ 356.20 करोड़) प्राप्त की। 31 मार्च 2022 को राज्य प्रतिकर वनरोपण निधि में कुल शेष ₹ 764.57 करोड़ था। 31 मार्च 2022 तक मुख्य शीर्ष 8336- "सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधि" के अंतर्गत ₹ 483.81 करोड़ का शेष भी बचा हुआ है।

(ब) ब्याज वहन न करने वाली आरक्षित निधियाँ:

(क) समेकित ऋण शोधन निधियाँ: तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य के पुनर्गठन के पश्चात संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर में पृथक रूप से कोई समेकित ऋण शोधन निधि का सृजन नहीं किया गया। तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य सरकार ने जनवरी 2012 में ऋणों के परिशोधन हेतु समेकित ऋण शोधन निधि को स्थापित किया। निधि के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सरकार वित्तीय वर्ष 2011-12 से आरंभ करके 2021-22 तक प्रत्येक वर्ष 2010-11 के अंत में बकाया देयताओं के 0.5 प्रतिशत के न्यूनतम 10 प्रतिशत का योगदान कर सकती है ताकि इसे 2010-11 की बकाया देयताओं के 0.5 प्रतिशत के बराबर बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, वर्ष-दर-वर्ष वृद्धिशील देनदारियों के संबंध में अंशदान ऐसी वृद्धिशील देनदारियों के 0.5 प्रतिशत पर किया जाएगा ताकि योजना के उद्देश्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त समझे जाने वाले स्तर तक पहुंचा जा सकें। संघ शासित क्षेत्र सरकार ने वर्तमान निधि को जारी रखा तथा वर्ष 2021-22 में संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने ₹45.00 करोड़ का अंशदान दिया। वर्ष 2012 के दिशा-निर्देशों के अनुसार निधि में अंशदान हेतु अपेक्षित राशि की गणना नहीं की जा सकी क्योंकि 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) को निधि के अंतर्गत उपलब्ध ₹ 355.87 करोड़ की शेष राशि को

अभी भी संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना शेष है। निधि का कुल संचय (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2022 की अवधि हेतु (पुनर्गठन पश्चात) 31 मार्च 2022 को ₹ 100.63 करोड़ (31 मार्च 2021 को ₹ 55.63 करोड़) था।

(ख) प्रत्याभूति मोचन निधि: प्रत्याभूति मोचन निधि (जीआरएफ) पर आरबीआई के वर्ष 2013 के दिशानिर्देशों में उल्लिखित है कि सरकार के लिए वर्ष के आरंभ में निधि के योगदान में वर्ष के आरंभ में बकाया प्रत्याभूतियों का न्यूनतम एक प्रतिशत और तत्पश्चात पिछले वर्ष की बकाया प्रत्याभूतियों के न्यूनतम तीन से पांच प्रतिशत के कोष को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक वर्ष 0.50 प्रतिशत की दर से न्यूनतम योगदान करना अपेक्षित है। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने 31 मार्च 2022 तक प्रत्याभूति मोचन निधि अधिनियम नहीं बनाया है। तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य की प्रत्याभूति मोचन निधि योजना में कोष में योगदान के लिए कोई लक्ष्य नहीं था। वर्ष के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने कोष में केवल ₹ 2.00 करोड़ का योगदान दिया। पुनर्गठन के पश्चात की अवधि अर्थात 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2022 तक निधि का कुल संचय 31 मार्च 2022 को ₹ 4.00 करोड़ (31 मार्च 2021 को ₹ 2.00 करोड़) था। 30 अक्टूबर 2019 को पुनर्गठन पूर्व ₹ 20.42 करोड़ की राशि शेष थी जिसे संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी भी प्रभाजित किया जाना शेष है। ₹ 24.42 करोड़ की पूरी राशि [संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर से संबंधित ₹ 4.00 करोड़ की राशि (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2022) तथा तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य (30 अक्टूबर 2019 तक) से संबंधित ₹ 20.42 करोड़ की राशि] को सरकार द्वारा निवेश नहीं किया गया है।

(iii) उचंत एवं प्रेषण शेष:

वित्त लेखा उचंत तथा प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत निवल शेषों को प्रतिबिम्बित करता है। इन शीर्षों के अन्तर्गत बकाया शेष, जो विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत बकाया डेबिट तथा क्रेडिट शेषों पर पृथक रूप से समेकित करते हुए किया जाता है, 31 मार्च 2022 [31 मार्च 2021 तक ₹ 755.65 करोड़ (निवल डेबिट)] तक नौ लघु शीर्षों के अन्तर्गत ₹ 448.94 करोड़ (निवल डेबिट) बकाया शेष था।

30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन पूर्व) की समाप्ति तक तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य के संबंध में उचंत तथा प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत ₹ 2,114.33 करोड़ [₹ 733.16 करोड़ (डेबिट) उचंत के अन्तर्गत तथा ₹ 2,847.49 करोड़ (क्रेडिट) प्रेषण के अन्तर्गत] का निवल क्रेडिट शेष भी था जिसे अभी भी उत्तराधिकारी संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना शेष है।

इन शीर्षों के अन्तर्गत बकाया शेषों की गैर-निकासी संघ शासित सरकार के विभिन्न लेखा शीर्षों (जिन्हें वर्ष दर वर्ष अग्रेषित किया जाता है) के अन्तर्गत प्राप्तियों/व्यय के आँकड़ों की परिशुद्धता को प्रभावित करते है।

(iv) अन्य उपकर/शुल्क/अधिभार:

वर्ष 2021-2022 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने मुख्य शीर्ष 0029-"भू-राजस्व"(श्रम उपकार के सिवाय) के नीचे लघु शीर्ष 103-"भूमि पर दर तथा उपकर" के अन्तर्गत ₹ 21.45 करोड़ (वर्ष 2020-21 के दौरान ₹ 22.45 करोड़) की राशि का खर्च दिखाया। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा एकत्रित किए गए उपकरों के हस्तांतरण हेतु किसी निधि को स्थापित नहीं किया गया।

(v) रोकड़ शेष:

प्रधान महालेखाकार के अभिलेखों तथा आरबीआई द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार [जैसा कि प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) द्वारा आकलन किया गया] 31 मार्च 2022 को रोकड़ शेष क्रमश: ₹ 1,447.65 करोड़ (डेबिट) तथा ₹ 1,445.73 करोड़ (क्रेडिट) था। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर द्वारा आरबीआई/एजेंसी बैंक के साथ मुख्यत: गैर-समाधान के कारण ₹ 1.92 करोड़ (डेबिट) का निवल अन्तर था। अन्तर के मिलान का कार्य चल रहा है।

प्रधान महालेखाकार के अभिलेखों तथा आरबीआई द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार [जैसा कि प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) द्वारा आकलन किया गया], 31 मार्च 2021 को रोकड़ शेष क्रमश: ₹ 1,447.69 करोड़ (डेबिट) तथा ₹ 1,448.27 करोड़ क्रेडिट था। मुख्यत: गैर-मिलान के कारण ₹ 0.58 करोड़ (क्रेडिट) का निवल अन्तर था।

30 अक्टूबर 2019 तक आरबीआई तथा प्रधान महालेखाकार के आँकड़ों के मध्य भी ₹ 83.32 करोड़ (क्रेडिट) का निवल अन्तर था जिसे अभी भी संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य मिलान तथा प्रभाजित किया जाना है।

(vi) राज्य के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप शेषों का आबंटन:

जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (धारा 84 तथा 85) तथा सरकारी आदेश संख्या 2021 के 14-एफ 14 जनवरी 2021 के पश्चात 30 अक्टूबर 2020 के संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार की अधिसूचना इस तरीके का उपबंध करती है जिसके अनुसार 31 अक्टूबर 2019 से उत्तरदायी संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य शेषों को प्रभाजित किया जाए।

यद्यपि, 14 जनवरी 2021 को संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा इस संबंध में सरकारी आदेश जारी किया गया, 30 अक्टूबर 2019 तक सभी शेषों को उत्तराधिकारी संघ शासित क्षेत्रों अर्थात संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर तथा संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी भी प्रभाजित किया जाना शेष है जिसके परिणामस्वरूप कुछ लेखा शीर्षों के अन्तर्गत प्रतिकूल शेष है। अप्रभाजित मदों का ब्यौरा वित्त लेखा के खण्ड-II के *परिशिष्ट-XIII* में दिया गया है।

6. राजस्व व्यय पर प्रभाव:

संघ शासित क्षेत्र के वित्तों पर सांविधिक प्रावधानों के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण/ गैर-अनुपालन के कारण राजस्व व्यय पर प्रभाव, जैसा कि पूर्ववर्ती पैराओं में बताया गया है, नीचे सारणीबद्ध किया गया है:

पैरा संख्या	**मद (उदाहरणात्मक)**	**राजस्व व्यय की अध्युक्ति (₹ करोड़ में)**	**राजस्व व्यय की न्यूनोक्ति (₹ करोड़ में)**
3(ii)	राजस्व तथा पूंजीगत के मध्य त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण	-	158.76
3(viii)(क)	राज्य प्रतिकर वनीकरण निधि एमएच-8121 पर ब्याज की गैर-अदायगी	-	25.61
3(viii)(क)	राज्य प्रतिकर वनीकरण निधि एमएच-8236 पर ब्याज की गैर-अदायगी	-	15.92
कुल (निवल) प्रभाव	**न्यूनोक्ति**	**-**	**200.29**

© भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
2022
www.cag.gov.in

https://cag.gov.in/ae/jammu-and-kashmir/en